Download from www.JbigDeal.com Powered By © JbigDeal

# SECTION—I

## *Language-I—Hindi*

1. 'भाप' का तत्सम है –
   (A) ताप
   (B) वाष्प
   (C) वास्तु
   (D) विभूति

2. किस शब्द में 'द्विगु' समास है ?
   (A) निशाचर
   (B) चौराहा
   (C) नरसिंह
   (D) पतझड़

3. कबीर किस भक्ति-मार्ग के कवि हैं ?
   (A) सगुण
   (B) निर्गुण
   (C) सगुण-निर्गुण
   (D) बहु देवोपासक

4. 'अनुप्रास' अलंकार वहाँ होता है, जहाँ –
   (A) बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहा जाता है
   (B) बात को संक्षेप में कहा जाता है
   (C) किसी वर्ण की एक से अधिक बार आवृत्ति होती है
   (D) असमान वर्णों की आवृत्ति होती है

5. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?
   (A) आपका पिताजी कहाँ रहता है ?
   (B) आपकी पिताजी कहाँ रहता है ?
   (C) आपके पिताजी कहाँ रहता है ?
   (D) आपके पिताजी कहाँ रहते हैं ?

6. 'श्लेष' अलंकार वहाँ होता है, जहाँ –
   (A) किसी शब्द का अर्थ तुरंत निकलता है
   (B) किसी शब्द का अर्थ काफी देर से निकलता है
   (C) किसी शब्द के एक से अधिक अर्थ निकलते हैं
   (D) किसी शब्द का एक ही अर्थ निकलता है

7. 'निस्संदेह' का संधि-विच्छेद है –
   (A) निस् + संदेह
   (B) निस + संदेह
   (C) निः + संदेह
   (D) नि + संदेह

8. हिन्दी में लिंग होते हैं –
   (A) तीन
   (B) चार
   (C) दो
   (D) पाँच

9. 'लड़की' का बहुवचन है –
   (A) लड़कीयाँ
   (B) लड़कियाँ
   (C) लड़िकियाँ
   (D) लड़िकीयाँ

10. किस शब्द में 'द्वंद्व' समास है ?
    (A) दोपहर
    (B) आशा-निराशा
    (C) गिरधर
    (D) पंचानन

Download from www.JbigDeal.com Powered By © JbigDeaL

11. किस शब्द में अव्ययी भाव समास है ?

(A) अधीर

(B) क्रोधाग्नि

(C) प्रतिदिन

(D) वनमानुष

12. 'सुरेश' का संधि-विच्छेद है –

(A) सुर + एश

(B) सूर + एश

(C) सुर + ईश

(D) सूर + ईश

13. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है ?

(A) रूपया

(B) रूप्या

(C) रुप्या

(D) रुपया

14. 'पद्मावत' काव्य के कवि हैं –

(A) मलिक मोहम्मद जायसी

(B) केशवप्रसाद

(C) नरोत्तमदास

(D) सुमित्रानंदन पंत

15. 'गरमाहट' में प्रत्यय जुड़ा है –

(A) अट

(B) आहट

(C) हट

(D) ह्ट

16. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है ?

(A) उज्जवल

(B) उजज्वल

(C) उज्वल

(D) उज्ज्वल

17. किस शब्द में 'बहुव्रीहि' समास है ?

(A) त्रिलोचन

(B) जय-पराजय

(C) अष्टाध्यायी

(D) गुणदोष

18. 'आत्मज' का अर्थ है –

(A) पुत्र

(B) आत्मा

(C) आत्मीय

(D) अपने आप

19. 'निर्निमेष' का अर्थ है –

(A) बिना पलक झपकाए

(B) बिना विश्राम किए

(C) बिना हताश हुए

(D) बिना विचलित हुए

20. इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(A) सबको काटकर सेब खिलाओ

(B) काटकर सबको सेब खिलाओ

(C) सेब काटकर सबको खिलाओ

(D) काटकर खिलाओ सबको सेब